दिनांकः 13.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह नये आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आज जयपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।
- पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के आज चार साल पूरे–देश में समन्वित और एकीकृत योजनाओं के जरिए विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार हो रहा है।
- बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी–आज से नामांकन पत्र भरे जाएंगे।
- "शुद्ध आहार–मिलावट पर वार" अभियान के तहत प्रदेशभर में कार्रवाई जारी–जयपुर में प्रतिष्ठित ब्रांडों के नकली घी बनाने के गिरोह का पर्दाफाश।

.........................

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह नये आपराधिक कानूनों के एक साल पूरे होने पर आज जयपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। 18 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में नए आपराधिक कानूनों के प्रावधानों और प्रदेश में इनकी प्रगति को दर्शाया जाएगा। श्री शाह का जनसभा को भी संबोधित करने का कार्यक्रम है। गौरतलब है कि देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हुए भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम के एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में जयपुर में छह दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में श्री शाह के साथ ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राजस्थान उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

.........................

देश का सबसे बड़ा स्कूल हैकेथॉन–विकसित भारत बिल्डेथॉन 2025 आज आयोजित होगा। सुबह 10 बजे से रात 11 बजे के बीच होने वाला ये बिल्डेथॉन एक राष्ट्रव्यापी पहल है। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों की रचनात्मकता और समस्याओं का हल तलाशने के कौशल को बढावा देने के लिए स्कूलों और शिक्षकों को आमंत्रित किया जाता है। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर नवाचार की संस्कृति को सशक्त बनाना है।

इसमें विद्यार्थियों को चार थीम – आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी, स्थानीय उत्पादों को बढावा देने यानी वोकल फॉर लोकल और समृद्ध भारत के विषय पर अभिनव प्रारूप तैयार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षा मंत्रालय ने अटल नवाचार मिशन और नीति आयोग के सहयोग से यह आयोजन किया है। बिल्डेथॉन के तहत एक करोड रूपये का पुरस्कार भी रखा गया है।

.........................

पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के आज चार साल पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समन्वित और एकीकृत योजनाओं के माध्यम से विकास को गति देने तथा प्रौद्योगिकी के कुशल उपयोग से विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने और विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी–मॉडल संपर्क उपलब्ध कराने के लिए 13 अक्टूबर 2021 को इस मास्टर प्लान का शुभारंभ किया था। पीएम गतिशक्ति ने अवसंरचना परियोजनाओं और उनके क्रियान्वयन के लिए 44 केंद्रीय मंत्रालयों तथा 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एकीकृत किया है। इस पहल का उद्देश्य परिवहन के विभिन्न साधनों के माध्यम से लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध और कुशल संपर्क उपलब्ध कराना भी है।

.........................

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा है कि भारत अपने गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी और विश्वस्तरीय उत्पादों के निर्माण में विश्वशक्ति बनने की ओर अग्रसर है। भारतीय मानक ब्यूरो की ओर से कल कोटा में आयोजित विश्व मानक दिवस समारोह में उन्होंने कहा कि देश आज दुनियाभर को अंतर्राष्ट्रीय मानकों

पर खरे हथियार निर्यात कर रहा है, जो देश की बढ़ती आर्थिक शक्ति तथा मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का परिचायक है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। कार्यक्रम में विभिन्न स्टेकहोल्डर, इंजीनियर और उद्योगपति मौजूद रहे।

..........................

बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया शुरू हो रही है। उपचुनाव के रिटर्निंग अधिकारी हवाई सिंह यादव ने बताया कि उम्मीदवार 21 अक्टूबर तक नाम दाखिल कर सकेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...........................

त्यौहारी मौसम में आमजन को गुणवत्ता युक्त और मिलावट रहित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में जारी "शुद्ध आहार–मिलावट पर वार" अभियान के तहत कल जयपुर में नकली सरस और कृष्णा घी बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर बड़ी मात्रा में घी जब्त किया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त और औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने राजधानी के ब्रह्मपुरी इलाके में स्थित तीन प्रतिष्ठानों पर दबिश देकर मौके से विभिन्न पैकिंगों में 48 कार्टन नकली देशी घी बरामद किया। टीम ने दोनों कम्पनियों के प्रतिनिधियों को बुलाकर घी की जांच करवाई और नकली करार दिया। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि सभी सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद इन पर कार्रवाई की जाएगी। हनुमानगढ़ में अभियान के तहत कल 90 किलो से अधिक मिठाइयां और दूसरी खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट की गई। इस दौरान अवधि पार कोलड्रिंक और अन्य पेय पदार्थ भी बरामद किये गये। बारां में भी विभाग की टीम ने कार्रवाई कर मिलावटी सोयाबीन तेल और दूसरी खाद्य सामग्री जब्त की।

........................

दीपोत्सव नजदीक आने के साथ ही प्रदेशभर में रौनक बढ़ने लगी है। बाजारों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और स्वागत द्वार बनाकर ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है। विभिन्न जिलों में प्रशासन द्वारा दीपावली सफाई के कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है। राजधानी जयपुर की विश्व प्रसिद्ध दीपावली की तैयारियां जोरों पर हैं। अंदरूनी इलाकों के साथ ही बाहरी क्षेत्रों में भी बल्बों की लड़ियों, रंग बिरंगी झालरों और भव्य द्वार सजाने का काम किया जा रहा है। ब्रज क्षेत्र भरतपुर में विकास प्राधिकरण और नगर निगम की ओर से मुख्य इमारतों पर आकर्षक रोशनी की जा रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रमुख चौराहों पर रंग रोगन किया जा रहा है।

..........................

प्रदेश में पर्यटन सीजन के दौरान राष्ट्रीय उद्यान घूमने आए सैलानियों की सहूलियत और सुविधाओं की जांच के लिए वनमंत्री संजय शर्मा ने कल रणथम्भौर अभ्यारण्य का आकस्मिक निरीक्षण किया। वनमंत्री ने आम पर्यटक की तरह ऑनलाइन टिकट बुक कर सामान्य श्रेणी में सफारी की। उन्होंने पर्यटकों से संवाद कर पार्क की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। श्री शर्मा ने अधिकारियों से जंगल में बाघों की निगरानी और पर्यटकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने के निर्देश दिए।

...............................